

# तहसीलदार ने बिना सक्षम स्वीकृति के आदिवासी को मिली बंटन की जमीन का कर दिया नामांतरण

## आदिवासी की जमीन को बिना कलेक्टर की अनुमति के कर दिया नामांतरण, कलेक्टर के रोक लगाये जाने के बाद भी भू-माफियाओं को फायदा पहुंचाने कर दिए दर्जनों नामांतरण

नवभारत न्यूज

**पन्ना 1 नवंबर। जनप्रतिनिधियों के चहेते अधिकार तहसीलदार अजयगढ़ की काले कारनामे सिलसिलेवार खुलते चले जा रहे हैं अभी प्रतिबंधित ग्रामों की जमीनों का जिनका कलेक्टर पन्ना द्वारा क्रय विक्रय एवं नामांतरण पर रोक लगा रखी थी। उन ग्रामों की कई जमीनों को भू माफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए टुकड़ों में क्रय विक्रय होने के बाद नामांतरण का मामला राजधानी भोपाल तक पहुंचने का मामला ठंडा नहीं हुआ कि एक और मामला प्रकाश मे आया है जिसमें एक आदिवासी की जमीन नामांतरण बिना कलेक्टर की अनुमति के क्रय विक्रय होने के बाद कर दिया गया। जिसकी शिकायत अजयगढ़ निवासी नरेंद्र राजपूत ने कलेक्टर पन्ना को की है।**

दिये गये शिकायती पत्र मे उल्लेख है कि तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार के द्वारा ग्राम जैतुपुर राजस्व निरीक्षक मंडल बीरा तहसील अजयगढ जिला पन्ना के आराजी खसरा नंबर 405 रकवा 1.61 हे0 भूमि बंटन से प्राप्त होकर गया पिता दसिया निवासी जैतुपुर शासकीय पटटेदार जिल्द बंदोबस्त वर्ष 1986-87 मे दर्ज रहा एवं वर्ष 2015-16 मे श्रीमति हल्की पत्नी छोटेलाल पटेल पता निवासी ग्राम बंटित भूमि दर्ज अभिलेख रहा है एवं उक्त आराजी के दो टुकडे 405/1 एवं 405/2 रकवा क्रमश: 0.800 एवं 0.810 होकर राजस्व प्रकरण क्रमांक 0056/अ-6/2022-23 आदेश दिनांक 30मार्च 2023 पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार अहिरवार तथा प्रकरण क्रमांक 0440/अ-6/2022-23 आदेश दिनांक 14 मार्च 2023 पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार अहिरवार द्वारा एम पी पावर टान्समीशन पैकेज लिमिटेड उर्मिल शाह पिता नाथाभाई शाह के नाम बंटन से प्राप्त भूमि का नामान्तरण सक्षम अधिकारी की अनुमति के विना कर दिया गया। तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार के द्वारा म0प्र0 भू राजस्व संहिता का उलंघन कर कई अन्य ग्रामो की शासकीय पटटेदार / बंटन / सीलिंग से प्राप्त भूमियो का नामान्तरण कर अनुचित लाभ पहुचाया गया है एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कृषको की भूमियो को भू-माफियो से साठगांठ कर खरीद फरोख्त कराकर कर नामान्तरण की जिम्मेदारी लेकर नामान्तरण किये गये।

**बिना अनुमति किये गये अन्य प्रकरणों पर एक नजर:-** तहसीलदार सुरेंद्र अहिरवार द्वारा ग्राम मौकछ राजस्व निरीक्षक मंडल धरमपुर तहसील अजयगढ की आराजी खसरा नं 409/2 रकवा 0. 54 हे0 भूमि के संबंध मे जुझार पिता छोटेलाल पटेल बनाम सुशील कुमार पिता खइया उर्फ चुनवादे आरख निवासी मौकछ के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0087/अ-6/2022-23 आदेश दिनांक 26 सितंबर 2022 के द्वारा रजिस्ट्री नामान्तरण पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार अहिरवार द्वारा प्रकरण के अवलोकन के बाद प्रकरण को यह लिखकर खारिज किया गया कि विक्रेता सहित आरख परिवार के लोग अनुसूचित जनजाति के प्रमाण पत्र से शासकीय नौकरी कर लाभ ले रहे जो म0प्र0 शासन राज्य जाति की सूची के अनुक्रमांक 16 मे दर्ज आरख जाति अनुसूचित जनजाति मे आते है विक्रेता द्वारा कलेक्टर से भूमि विकय की अनुमति नहीं ली गयी है जबकि इसी आराजी खसरा नं 409 / 2 रकवा 0.54 हे के संबंध मे रामचंद्र पिता राजकुमार पटेल बनाम विनोद पिता चुनवादे उर्फ खड्या आरख निवासी मौकछ के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0979/ अ-6 / 2024-25 आदेश दिनांक 13 मई 2025 के द्वारा रजिस्टी नामान्तरण पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार अहिरवार द्वारा प्रकरण के अवलोकन के बाद प्रकरण को यह लिखकर स्वीकृत किया गया है कि विक्रेता विनोद पिता खइंया आरख अनुसूचित जाति का है जिसकी पुष्टि विक्रेता के भाई सुशील पिता खइंया आरख द्वारा की गयी ( विक्रेता की जाति की पुष्टि करने वाले भाई के संबंध मे इन्ही पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक -0087 / अ-6/2022-23 आदेश दिनांक 26 सितंबर 2022 से अनावेदक सुशील कुमार को अनुसूचित जाति का बता कर आवेदन खारिज किया गया) जबकि आपत्तिकर्ता अधिवक्ता द्वारा अपने तर्कों मे जताया गया कि विक्रेता आरख जाति का है जो अनुसूचित जनजाति मे आते है इनके द्वारा विना कलेक्टर की अनुमति के विक्रय पत्र निष्पादित कराया गया है जिससे आवेदित भूमि का नामान्तरण निरस्त किया जाये के विपरीत आपत्ति सारहीन बताकर निरस्त की गयी एवं नामान्तरण स्वीकृत किया गया चूंकि उक्त आराजी मुख्य मार्ग सतना बांदा की बेसकीमती भूमि जोकि अनुसूचित जनजाति की है जिसे अनुसूचित जाति की बताकर अनुचित तरीके से नामान्तरण किया गया है।

इसी प्रकार इनके द्वारा तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार के द्वारा ऐसा कृत्य आरख अनुसूचित जनजाति के कृषको की भूमियो को भू-माफियों से साठगांठ कर खरीद फरोख्त कराकर कर नामान्तरण की जिम्मेदारी लेकर नामान्तरण किये गये। इनके द्वारा अपने खारिज किये गये आदेशो पर अपील में न जाकर स्वयं ही आदेश कर नामान्तरण स्वीकृत किये जाते है। तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार ने ग्राम सिद्धपुर राजस्व निरीक्षक मंडल धरमपुर तहसील अजयगढ आराजी खसरा नंबर 1592, 1609, 1611 रकवा क्रमश: 0.05, 0.64, 0. 040 भूमि रामकेश पिता रघुवर पाल निवासी सिद्धपुर के नाम है जो सेन्टल बैंक आफइण्डिया शाखा हरदी में उक्त तीनों आराजी से 200000 दो लाख रूपये दिनांक 21 जून 2021 से बंधक दर्ज है। तथा पुन: सेन्टल बैंक आफ इण्डिया शाखा हरदी मे दिनांक 28 जुलाई 2023 से आज दिनांक तक बंधक है। जिसका राजस्व प्रकरण क्रमांक 0432 / अ-6/2025-26 आदेश दिनांक 09 अक्टूबर 2025 पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार अहिरवार द्वारा अनुचित तरीके से बंधक भूमि का रजिस्टी नामान्तरण कर दिया गया है जवकि इसी न्यायालय के पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार अहिरवार द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमाक 0751/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 18 सितंबर 2025 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग संभाग रीवा उप संभाग नौगावं जिला छतरपुर म0प्र0 के प्रकरण को अवलोकन बाद उक्त भूमि खसरा अभिलेख मे बंधक दर्ज बताकर विकय पत्र के आधार पर आवेदक का नामान्तरण कार्यवाही से खारिज किया गया है। तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार के द्वारा शासन के निर्देशो का पालन न किया जाकर मन माने ढंग से कार्य किया जाता है एवं बैंक द्वारा प्रदाय की गयी राशि को बंधक भूमि का नामान्तरण किया जा रहा इस कृत्य से शासन की निर्देशो की अवहेलना व अपने हितबद्धो को लाभ पहुचाकर अनुचित लाभ प्राप्त कर भूमाफिआओ को संरक्षण दिया जा रहा है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

जब उपरोक्त मामले मे तहसीलदार अजयगढ़ सुरेंद्र अहिरवार से चर्चा की गई तो उन्होंने उपरोक्त शिकायत के सारे आरोपों का खंडन करते हुए बेबुनियाद बताया वहीं जब एसडीएम अजयगढ़ आलोक मार्को से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि जैतपुर निवासी आदिवासी व्यक्ति की जमीन एमपी पावर ट्रांसमिशन पैकेज लिमिटेड उर्मिल शाह पिता नाथ भाई के नाम वाले प्रकरण की जानकारी उनके संज्ञान मे नहीं थी। शेष जो शिकायत पत्र मे कलेक्टर पन्ना द्वारा प्रतिबंधित ग्राम मझगांय, बडी रूंध, भापतपुर आदि के भूस्वामियों के नामांतरण की जांच जारी है। जांच उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

### कलेक्टर के आदेश के बाद भी कर दिया नामांतरण

कार्यालय कलेक्टर भू-अर्जन शाखा जिला पन्ना मध्यप्रदेश के पत्र कं / 102 / भू-अर्जन / 2025 पन्ना दिनांक 21 फरवरी 2025 के द्वारा तत्कालीन कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा पन्ना-खजुराहो नई बडी रेलवे लाइन निर्माण परियोजना हेतु ग्राम बडीरूध, मझगाय, सब्दुआ, भापतपुर कुर्मियान, एवं गडरपुर मे अतिरिक्त भूमि अर्जन हेतु प्रस्तावित नक्शा अनुसार क्रय-विक्रय रजिस्टी नामान्तरण पर रोक लगाये जाने बाबजूद भी इनके द्वारा खसरा नं 22/2/2 को टुकडो मे रकवा विक्रय किया गया जिसके नामांतरण न्यायालय तहसीलदार के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0930/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 10 मार्च 2025, 0931/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 10/03/2025, 0937 / अ-6 / 2024-25 आदेश दिनांक 10/03/2025, 0938/31-6/2024-25 3 10/03/2025, 0939/3-6/2024-25 आदेश दिनांक 10 मार्च 2025, 0940/ अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 11 मार्च 2025, 0941/ आदेश दिनांक अ-6/2024-25 11 मार्च 2025, 0943/ अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 10/03/2025, 0944/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 10 मार्च 2025, 0946/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 10 मार्च 2025, 0947/ अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 10 मार्च 2025, 0948/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 11 मार्च 2025 के अनुसार स्वीकृत किये गये एवं उक्त रजिस्टी मे नामाकिंत व्यक्तियो की भूमि को रेलवे भू-अर्जन मे शामिल कर मुआवजा दिलाने की कार्यवाही की गयी। शिकायतकर्ता ने तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार के द्वारा किये गये उक्त कृत्यो को संज्ञान मे लेकर तहसीलदार एवं इसमे लिप्त अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग की है।

# पन्ना टाइगर रिजर्व नेचर कैम्प्स के गौरवशाली 15 वर्ष पूर्ण

नवभारत न्यूज

**पन्ना 1 नवंबर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आज पन्ना टाइगर रिजर्व में नेचर कैम्प्स की 15 वर्षों की गौरवशाली यात्रा का उत्सव मनाया गया। 1 नवम्बर 2010 को तत्कालीन फील्ड डायरेक्टर श्री आर. श्रीनिवास मूर्ति (सेवानिवृत भारतीय वन सेवा अधिकारी) के मार्गदर्शन में इस अभिनव पहल की शुरुआत की गई थी।**




इस पहल का उद्देश्य स्थानीय लोगों, विशेषकर बच्चों को जंगलों और वन्यजीव संरक्षण की भावना से जोड़ना था, ताकि वे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और गर्व की भावना विकसित कर सकें। विगत पंद्रह वर्षों में पन्ना टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा कुल 365 नेचर कैम्प्स सफलतापूर्वक आयोजित किए गए हैं, जिनमें 11,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों, ग्रामीण युवाओं, वनकर्मियों और स्थानीय समुदायों ने इन कैम्पों के माध्यम से जंगल की पारिस्थितिकी, वन्यजीव विविधता, जल एवं मिट्टी संरक्षण, और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व के बारे में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इन कैम्पों ने वन विभाग और स्थानीय समुदायों के बीच विश्वास और साझेदारी को मजबूत किया है। अनेक प्रतिभागी आज प्रकृति मित्र बनकर अपने क्षेत्रों में संरक्षण की भावना को आगे बढ़ा रहे हैं।

यह पहल पर्यावरण शिक्षा और जनसहभागिता का एक सफल मॉडल बन चुकी है, जिसने संरक्षण की सोच को हर घर तक पहुँचाया है। इस उल्लेखनीय यात्रा का श्रेय उन सभी अधिकारियों, शिक्षकों, वनकर्मियों और समुदायों को जाता है जिन्होंने इस परंपरा को जीवंत बनाए रखा। विशेष रूप से आर. श्रीनिवास मूर्ति की दूरदर्शी सोच ने इस अभियान की नींव रखी, जबकि वर्तमान में फील्ड डायरेक्टर नरेश कुमार यादव और उप संचालक मोहित सूद के मार्गदर्शन में यह पहल निरंतर सशक्त और प्रभावशाली रूप से आगे बढ़ रही है। पन्ना टाइगर रिजर्व परिवार सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों को हार्दिक धन्यवाद एवं शुभकामनाएँ देता है। यह 15 वर्ष की यात्रा पन्ना की जनता और वन विभाग के बीच सशक्त संबंध का प्रतीक है और आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति संरक्षण की प्रेरणा देती रहेगी।

### विद्यार्थियों को वितरित हुईं मधुमक्खियों का अनोखा संसार पुस्तिका

पन्ना 1 नवंबर। आज दिनांक 1 नवंबर को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर वन परिक्षेत्र महिंद्रा अंतर्गत पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल, कुंवरपुर में विद्यालय परिवार एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाकर किया गया तथा विद्यार्थियों द्वारा मध्य प्रदेश गीत का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वन एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित आकर्षक गीत प्रस्तुत किए और एक रोचक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता बच्चों को मधुमक्खियों का अनोखा संसार पुस्तिका एवं सुंदर कैलेंडर प्रदान किए गए।

# छत्रसाल कॉलेज के प्राचार्य ने कन्या छात्रावास का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**पन्ना 1 नवंबर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस के अवसर पर कलेक्टर पन्ना के निर्देशन में पन्ना जिले स्थित महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया गया।**



यह निरीक्षण छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी एवं जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण विभाग अधिकारी जय प्रताप भदौरिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. पियूषा शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की अध्यक्षिका श्रीमती कृष्णा सोनी द्वारा छात्रावास की संपूर्ण व्यवस्था से संबंधित जानकारी दी गई। प्राचार्य एवं अधिकारियों द्वारा स्टाफरूम, छात्राओं के निवास कक्ष, रसोई, स्वच्छता व्यवस्था तथा परिसर के खुले मैदान का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के पश्चात सभी अधिकारियों ने छात्रावास दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता की, जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्राओं को शैक्षणिक अनुशासन के प्रति सजग रहने और महाविद्यालय में 75 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती कृष्णा सोनी द्वारा किया गया।



# दो वनकर्मियों को मिला मध्य प्रदेश वन विभाग का सर्वोच्च सम्मान वन बल प्रमुख कमेंडेशन डिस्क

नवभारत न्यूज

**पन्ना 1 नवंबर। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में दक्षिण पन्ना वनमण्डल के दो समर्पित वनकर्मियों प्रेमनारायण वर्मा ( वनरक्षक, बोरी बीट ) एवं चन्द्रप्रकाश शर्मा को वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख कमेंडेशन डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।**

यह सम्मान वन भवन, भोपाल में आयोजित समारोह में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख द्वारा प्रदान किया गया। दोनों वनरक्षकों ने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में उत्कृष्ट निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण का परिचय दिया है।

# पन्ना पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 1 नवंबर। पन्ना पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए एक ऐसे झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार किया है, जिसके ईलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी। आरोपी को पुलिस टीम ने रायपुर (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार किया है। दिनांक 24 अगस्त को जिला चिकित्सालय पन्ना से सूचना प्राप्त हुई थी कि महिला श्यामबाई यादव को मृत अवस्था में लाया गया है।**

मृतका के परिजन भरतलाल यादव पिता दरबारी यादव निवासी हिनौता थाना कोतवाली पन्ना द्वारा उसकी मृत्यु को संदिग्ध बताया गया। इस संबंध में थाना कोतवाली में धारा 194 बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान परिजनों ने बताया कि मृतका श्यामबाई को सर्दी-बुखार होने पर उसका इलाज तथाकथित डॉक्टर फक्रूद्दीन अली अहमद खान उर्फ डब्बू पिता मजीद अहमद निवासी किशुनगढ़ जिला छतरपुर (हाल निवासी हिनौता, पन्ना) द्वारा किया गया था। आरोपी ने बिना किसी वैध डिग्री या अनुमति के इंजेक्शन व दवाइयाँ देकर इलाज किया, जिससे महिला की तबीयत बिगड़ गई और उसे मुँह से खून आने लगा।

परिजन तत्काल उसे एनएमडीसी अस्पताल मझगवां लेकर पहुँचे, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल पन्ना रेफर किया गया। चिकित्सकों ने जाँच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।


पोस्टमार्टम रिपोर्ट, उपचार रिकॉर्ड और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, पन्ना से प्राप्त जानकारी के आधार पर यह प्रमाणित हुआ कि आरोपी बिना वैध पंजीकरण और अनुमति के अवैध रूप से उपचार कार्य कर रहा था। इसके पश्चात आरोपी के विरुद्ध धारा 24 आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987, धारा 8(1) मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा नियंत्रण अधिनियम 1973 एवं धारा 105 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी को भिलाही, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। आरोपी के कब्जे से उसका फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, ऐलोपैथिक दवाएँ, सिरिंज, मलहम, पट्टियाँ एवं ट्यूब आदि (कुल कीमत 460 रूपये) जप्त की गईं। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने मृतका को लगाई गई दवाइयाँ एवं इंजेक्शन नष्ट कर दिए।

# आयरलैंड से अभय ने किया एमबीए

नवभारत न्यूज

**सलेहा/पन्ना 1 नवंबर। यूरोफ आयरलैंड मे स्थित डबलिन सिटी युनिवर्सिटी में अध्यनरत अभय शर्मा निवासी सलेहा द्वारा वर्ष 2024-2025 में अध्यनरत होकर मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री प्राप्त की .**



यूनिवर्सिटी आयरलैंड द्वारा एमबीए की डिग्री प्राप्त करने वाले सभी छात्रों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अभय के माता-पिता भी शामिल हुए ,अभय शर्मा सलेहा पूर्व सरपंच राजेश्वरी शर्मा एवं जनपद उपाध्यक्ष सच्चिदानंद शर्मा के पुत्र हैं, अभय की उपलब्धि पर परिजनों सहित सलेहा नगर वासियों एवं श्री शर्मा के इष्ट मित्रों ने अभय को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 1 नवंबर। मध्य प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के निर्देशन में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में विविध प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिनका विषय था मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत, बहुआयामी संस्कृति, पर्यटन, उद्योग एवं विज्ञान के क्षेत्र में योगदान। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी द्वारा मां वीणा वादिनी सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश अपनी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक उपलब्धियों के लिए जाना जाता है। विद्यार्थियों को राज्य की इस समृद्ध धरोहर से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।


कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में राज्य के प्रति जागरूकता, गौरव और अध्ययनशीलता की भावना विकसित होती है। युवा पीढ़ी को अपने राज्य की प्रगति और परंपराओं को जानना अत्यंत आवश्यक है। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन विज्ञान भवन में किया गया, जबकि निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कला भवन में संपन्न हुआ। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 2-2 विद्यार्थियों के कुल दस समूह बनाए गए, जिसमें प्रथम स्थान कशिश रजक और निशिमा बानो , द्वितीय स्थान सुरेंद्र विश्वकर्मा और सुखवेंद्र कुशवाहा और तृतीय स्थान कृष्ण गोस्वामी और ऋषि पांडे को प्राप्त हुआ।

# शास . मॉडल विद्यालय का प्रभारी प्राचार्य बना हिटलर,जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश का नहीं किया पालन

नवभारत न्यूज

**पवई 1 नवम्बर। पवई नगर का शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिसका नाम तीन वर्ष पूर्व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में गिना जाता था ।यहां प्रवेश पाने के लिए दूर-दूर से विद्यार्थी पहुंचते थे। इतना ही नहीं प्रवेश पाने की जो सीटें हैं।**

वह भी कम पड़ जाती थी।, लेकिन अभिभावकों के बीच चर्चा है कि विगत दो वर्षों से शासकीय मॉडल विद्यालय संस्था के उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं प्रभारी प्राचार्य जीतेंद्र सोनी की वजह से राजनीति और षडयंत्रों का अखाड़ा बना हुआ है । जहां आए दिन कोई न कोई कारनामा या शिकायत की घटना होती ही रहती है। जी हां ऐसा ही एक मामला शासकीय मॉडल विद्यालय का पुन: सामने आया है। जहां प्रभारी प्राचार्य के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश की अवहेलना करते हुए हिटलर शाही रवैया अपनाए हुए हैं। अतिथि शिक्षक ने आरोप लगाते हुए बताया कि विगत चार वर्षों से वह अतिथि शिक्षक वर्ग 2 अंग्रेजी के पद पर विद्यालय में पदस्थ था ,लेकिन इस वर्ष प्रभारी के द्वारा दोषपूर्ण भावना से उन्हें बिना सूचना दिए किसी दूसरे अतिथि शिक्षक की भर्ती कर ली गई,जब कि लोक शिक्षण संचालनालय का यह आदेश था, कि जो शिक्षक संस्था में पूर्व से कार्यरत हो,प्राथमिकता के आधार पर उसी को पद पर रखा जाए। जब दूसरे शिक्षक की प्रभारी द्वारा हिटलर शाही रवैया



अपनाते हुए ज्वाइनिंग कर ली गई तो,उक्त अतिथि शिक्षक के द्वारा 181 सी एम हेल्पलाइन पर शिकायत की गई, जिसके संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पवई के माध्यम से जांच कराई गई,जांच प्रतिवेदन के अनुसार उच्च शिक्षक द्वारा गत वर्ष कार्यरत अतिथि शिक्षक उपेंद्र सिंह चौहान को प्राथमिकता के आधार पर ज्वाइनिंग नहीं कराया गया। पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षक से बिना असहमति लिए एवं प्राथमिकता के आधार पर द्वितीय, तृतीय चरण में अतिथि शिक्षा का आमंत्रण का इंतजार न करके दोष पूर्ण भावना से नवीन अतिथि शिक्षक को ज्वाइन करा लिया,जो लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा जारी निर्देशों के विपरीत है। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के जांच के परिपेक्ष में तत्काल प्रभाव से गत वर्ष से कार्यरत अतिथि शिक्षक उपेंद्र सिंह चौहान को ज्वाइन कराने के लिए आदेश किया गया था। आदेश होने के बावजूद प्रभारी के द्वारा अभी तक अतिथि शिक्षक को ज्वाइन नहीं कराया गया । जब इस संबंध में संस्था के प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने जिला से सलाह मशवरा करने की बात कही और लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा ऑनलाइन प्रक्रिया का हवाला दिया। चिंतन करने वाली बात तो यह है कि जब ज्वाइनिंग ऑनलाइन हुई है तो जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से ज्वॉइन कराने का आदेश कैसे कर दिया और अगर जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश किया है तो क्या प्रभारी अपने आप को जिला शिक्षा अधिकारी से ज्यादा मानते हैं। 16 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारी का आदेश जारी होने के बावजूद आज तक सलाह मशवरा नहीं हो पाया, इससे साबित होता है,प्रभारी प्राचार्य की मनसा क्या है। दर-दर भटक रहे अतिथि शिक्षक ने प्रभारी पर आरोप लगाते हुए मीडिया के समक्ष अपनी आप बीती सुनाई उन्होंने क्या कुछ कहा सुनते हैं।

# नगर परिषद ने 14 अस्थाई श्रमिकों को हटाया

नवभारत न्यूज

**पवई 1 नवम्बर। नगर परिषद पवई हमेशा ही सुर्खियों में बना रहता है। ताजा मामला नगर परिषद के द्वारा 11 अस्थाई सफाई श्रमिकों को उनके कार्य व्यवहार, उपस्थिति और वरिष्ठ अधिकारियों से अभद्र व्यवहार व 3 को पुलिस में अपराधिक प्रकरण दर्ज होने के कारण हटाए जाने का आया है.**

जिसके विरोध में समस्त सफाई कर्मी शनिवार को एकजुट होकर नगर परिषद परिसर में एकजुट होकर काम बंद हड़ताल पर बैठ गए हैं। जिससे नगर के वार्डों में साफ सफाई न होने से गंदगी ही गंदगी नजर आने लगी है। पूरे दिन सफाई कर्मी काम बंद हड़ताल पर बैठे रहे इसके बाद नगर परिषद सीएमओ विनीत नगायच हड़ताल स्थल पर पहुंचे और दोषी कर्मचारियों एवं समस्त अमले को हिदायत दी गई की पिछले दिनों ओडीएफ प्लस में पवई का नाम नहीं आया था यह अंतिम चेतावनी है सभी मेहनत व लगन के साथ कार्य करें और पूरे नगर में स्वच्छता बनाए रखें जिससे भविष्य में पवई का नाम ओडीएफ प्लस में आए यदि अब कोई भी स?ाई कर्मचारी अगर लापरवाही करता है तो उसे बक्शा नहीं जाएगा इसके बाद सभी सफाईकर्मीयो ने ह?ताल बापस ली और कल से काम पर बापस आने की बात कही .

# कुर्मी क्षत्रिय समाज ने विशाल रैली निकालकर धूमधाम से मनाई सरदार पटेल की जयंती

नवभारत न्यूज

**गुनौर/पन्ना 1 नवंबर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वें जन्म दिवस को एकता दिवस के रूप में पूरे जिले में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर हर्षोल्लाह से मनाया गया।**

इसी प्रकार गुनौर में भी कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला इकाई पन्ना के तत्वाधान में पूरे जिले से आए सैकड़ो ट्रैक्टरों एवं वाहनों के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान कई जगहों पर सामाजिक संगठनों,प्रतिष्ठानों ने रैली का फूल बरसा कर स्वागत किया। रैली का सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुनौर से प्रारंभ होकर वहीं पर समापन हुआ।



जहां पर पूर्व सांसद एवं कृषि मंत्री वर्तमान मध्य प्रदेश शासन में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉक्टर रामकृष्ण कुसमरिया के मुख्य आतिथ्य में एवं कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिला अध्यक्ष इंद्रपाल पटेल की अध्यक्षता में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें दीप प्रज्वलित कर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर सभी उपस्थित मुख्य अतिथियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री कुसमरिया ने संबोधित करते हुए सरदार पटेल के त्याग, परिश्रम,दृढ़ संकल्प, अदम्य साहस, कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक क्षमता का विस्तार से वर्णन करते हुए उनके जीवन से ली गई शिक्षा व उनके आदर्शों पर चलते हुए अपनी समर्थ अनुसार अन्याय एवं गलत कार्यों का विरोध करने की सलाह दी एवं अपने विद्यार्थी जीवन से लेकर अभी तक के अपने संघर्षों की व्याख्या की सरदार पटेल द्वारा रियासतों के एकीकरण से लेकर राष्ट्र समाज के लिए की गई उपलब्धियां का वर्णन किया। वर्तमान में भारत सरकार ने भी उनके सम्मान में 182 मीटर की प्रतिमा बनवाकर जिसका नाम स्टैचू ऑफयूनिटी रखा है। सरदार पटेल एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे उन्होंने सन 1928 में अंग्रेजों द्वारा भूमि कर अधिक बढ़ा देने पर गुजरात के बारडोली में सत्याग्रह आंदोलन किया एवं अंग्रेजों के क्रूरतम दमन चक्र के आगे नहीं झुके उनके दृढ़ संकल्प के चलते अंग्रेजों को कर वृद्धि का कानून वापस लेना पड़ा। तभी से उन्हें सरदार की उपाधि से नवाजा गया। इसी अवसर पर पिछड़े समाज एवं किसानों की कुछ समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार राजेश मेहरा को एक ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के समाधान की मांग भी की गई।

# कुत्ते के आ जाने से फिसली बाइक, 4 लोग घायल

नवभारत न्यूज

**शाहनगर/पन्ना 1 नवंबर। पन्ना जिला के शाहनगर जनपद क्षेत्र अन्तर्गत तिंदुनी मोड़ के समीप आज शनिवार दोपहर 2 बजे के लगभग पन्ना-कटनी मुख्य मार्ग पर तिंदुनी मोड़ के समीप एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है, जिससे 4 लोग घायल हो गए।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संतलाल पिता सुखलाल आदिवासी उम्र 30 वर्ष, पुन्नूलाल पिता गोरेलाल आदिवासी उम्र 31 वर्ष, अविनाश पिता बीरू आदिवासी उम्र 8 वर्ष, रामकुमार पिता तेजा सिंह आदिवासी उम्र 40 वर्ष निवासी टीकुल पौड़ी बाइक से शाहनगर की ओर आ रहे थे। तभी तिंदुनी मोड़ पर रास्ते में अचानक से एक कुत्ता आ जाने से बाइक चालक का बाइक पर नियंत्रण बिगड़ गया और बाइकसवार सहित सभी सड़क के किनारे दुर्घटनाग्रस्त हो गए।

हादसे में सभी चारो लोगो को चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी शाहनगर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला चिकित्सालय कटनी के लिए रेफर कर दिया गया है।